दिन– सोमवार

दिनांक– 21 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

.

01. केंद्र सरकार ने कहा – प्रत्यक्ष लाभ अंतरण पहल से अब तक तीन लाख अड़तालीस हजार करोड़ रुपये की बचत।

02. राज्य में वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में महिला श्रम बल भागीदारी बढ़कर बीस दशमलव तीन प्रतिशत हुई।

03. प्रदेश में पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान अवैध बालू खनन के खिलाफ तैंतीस हजार से अधिक छापेमारी की गई। एक करोड़ बीस लाख घन फीट बालू जब्त।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की हो सकती है बढ़ोतरी।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण–डीबीटी पहल से तीन लाख अड़तालीस हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की डीबीटी प्रणाली का मात्रात्मक आकलन शीर्षक से एक नीति पत्र का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस पहल के अंतर्गत, लाभार्थियों की संख्या में सोलह गुना वृद्धि हुई है। नीति पत्र के अनुसार, वर्ष दो हजार तेरह में लागू की गई डीबीटी प्रणाली ने पारदर्शिता बढ़ाकर, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सत्रहवें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि श्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे।

–––रिपोर्ट–––

---

राज्य में महिला श्रम बल भागीदारी बढ़कर बीस दशमलव तीन प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस की रिपोर्ट में यह बात सामने आयी है। यह राष्ट्रीय औसत से अभी भी ग्यारह दशमलव चार प्रतिशत कम है। हालांकि वित्तीय वर्ष दो हजार सत्रह–अठारह की तुलना में यह आंकड़ा सात गुना अधिक है।

---

जयनगर– पटना के बीच प्रस्तावित नमो भारत एक्सप्रेस की रैक कल पटना पहुंची। सोलह डब्बों वाली इस रैक को दानापुर रेल मंडल के राजेंद्र नगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स लाया गया, जहां इसकी मैकेनिकल जांच की जा रही है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से.....

———रिपोर्ट———

देश की दूसरी और बिहार की पहली नमो भारत ट्रेन को लेकर रेलकर्मियों से लेकर आम लोगों में कौतूहल दिखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चौबीस अप्रैल को मधुबनी के झंझारपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस अत्याधुनिक ट्रेन को पटना के लिए हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। यह ट्रेन जयनगर से समस्तीपुर, बरौनी, मोकामा, बख्तियारपुर होते हुए पटना पहुंचेगी। इससे पहले इस ट्रेन का ट्रायल होगा। ट्रायल को लेकर लोको पायलट समेत अन्य रेलवे कर्मियों की टीम निर्धारित कर दी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं आशीष रंजन।

---

प्रदेश में पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान अवैध बालू खनन के खिलाफ तैंतीस हजार से अधिक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लगभग एक करोड़ बीस लाख घन फीट बालू जब्त किया गया। अवैध बालू खनन के खिलाफ तीन हजार चार सौ पचहत्तर एफआईआर दर्ज कर एक हजार दो सौ बावन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। वहीं, अवैध बालू खनन में शामिल पचपन अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की गई है। उप मुख्यमंत्री सह खान और भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई से राजस्व में बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में लक्ष्य से उनहत्तर करोड़ रूपये अधिक राजस्व वसूला गया।

---

राज्य के बारह जिलों में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनाई जाएगी। यहां औद्योगिक इकाईयों के साथ–साथ कर्मचारियों के रहने की व्यवस्था भी होगी। जनसुविधाओं के अलावा स्कूल–कॉलेज, अस्पताल, पार्क और मनोरंजन की अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। उद्योग विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि

इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए जिले चिह्नित कर लिए गए हैं। इनमें रोहतास, पश्चिमी चंपारण, सारण, पूर्णिया, बेगूसराय, वैशाली, भागलपुर, बांका, जमुई, जहानाबाद, दरभंगा और समस्तीपुर शामिल हैं।

———————————————————

राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कैडर के लिए स्वीकृत दो हजार सोलह अतिरिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए महालेखाकार की मंजूरी मांगी है। इस संबंध में विभाग के अपर सचिव शंभू शरण ने महालेखाकार को पत्र भेजा है। इसमें सबसे अधिक नर्स कैडर के नौ हजार आठ सौ उनतालीस पद हैं।

———————————————————

प्रदेश में जल्द ही दो हजार आठ सौ आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत इनकी नियुक्ति के लिए एक सप्ताह के अंदर विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना में एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की।

———————————————————

प्रदेश में गुड़ की नई यूनिट लगाने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। संयुक्त ईख आयुक्त जयप्रकाश नारायण सिंह ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया पच्चीस मई तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि इस साल राज्य में एक सौ चौबीस नई गुड़ यूनिट लगाने का लक्ष्य है।

———————————————————

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता में कमी आने से प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गया और औरंगाबाद प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे।

---

भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम पटना में बाईस और तेईस अप्रैल को एयर–शो का आयोजन करेगी। पटना ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि इस दौरान यातायात प्रबंधन के मद्देनजर जे.पी. गंगा पथ पर सुबह छह बजे से पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक वाहनों के परिचालन में परिवर्तन किया गया है।

–––बाइट–––

---

बगहा निवासी कर्नाटक पुलिस के पूर्व महानिदेशक ओम प्रकाश की संदिग्ध परिस्थितियों में अपने आवास पर मौत हो गई। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। ओम प्रकाश पश्चिम चम्पारण के बगहा के रहने वाले थे और भारतीय पुलिस सेवा के उन्नीस सौ इक्यासी बैच के अधिकारी थे।

---

कटिहार जिले की एक अदालत ने पत्नी और दो बच्चों की हत्या के दोषी मोहम्मद ताहिर को फांसी की सजा सुनाई है। उसकी मां को भी अदालत ने दोषी मानते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई।

---

भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र अंतर्गत लहरपा गांव में एक शादी समारोह के दौरान दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

गोपालगंज जिले के श्रीपुर और भोरे थाना क्षेत्र के सीमावर्ती झरही नदी के पुल डायवर्सन पर एक ट्रैक्टर ट्राली के पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई।

---

वैशाली जिले के हथसारगंज में एसटीएफ और पुलिस की टीम ने छापेमारी कर एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से कई हथियार और तीन लाख अठ्हत्तर हजार रूपये बरामद किए गए।

---

वहीं, एसटीएफ और भोजपुर पुलिस की टीम ने बिहिया थाना क्षेत्र से कुख्यात हथियार तस्कर मुकेश कुमार सिंह को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

कटिहार जिले के कोढा थाना क्षेत्र के परमानंदपुर बहेलिया गांव में एक डीजे वाहन पलटने से दो युवकों की दबकर मौत हो गई।

---

पटना के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर गेमिंग एप के जरिए ठगी करने वाले गिरोह के दस अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

सुपौल जिले के सीमा चौकी नरपतपट्टी के पास पुलिस ने लगभग ग्यारह क्विंटल गांजा जब्त किया है।

---

समस्तीपुर जिले के भुसवर स्थित ठाकुरबाड़ी से पिछले दिनों लूटी गई करोड़ों रूपये की प्राचीन मूर्तियों को पुलिस ने मोतिहारी से बरामद कर लिया है। मौके से तीन तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

---

पूर्णिया विश्वविद्यालय के पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर एके पांडे को कर्तव्यहीनता और अनियमितता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के उप विकास आयुक्त ने चिरैया प्रखंड के बारा जयराम पंचायत के आवास सहायक की सेवा को समाप्त कर दिया है। आवास सहायक पर यह कार्रवाई रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने के बाद की गई है।

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स मशाल गौरव यात्रा कल बांका और सुपौल पहुंची। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, खिलाड़ियों और स्कूली बच्चों ने मशाल गौरव यात्रा का उत्साह से स्वागत किया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्र में अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार चुनाव की घोषणा सितंबर के शुरू में होने के आसार। तीन चरण में सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर मतदान की संभावना। निर्वाचन आयोग ने तेज की तैयारी।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – स्वास्थ्य व्यवस्था और बेहतर करने के लिए सृजित होंगे बीस हजार सोलह पद, नियुक्ति शीघ्र। **प्रभात खबर** की सुर्खी है – पूरे अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – जम्मू कश्मीर में बादल फटा दो सौ पचास मकान तबाह, सौ लोगों को बचाया। **राष्ट्रीय सहारा** ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हवाले से लिखा है – मोदी और नीतीश की जोड़ी सिर्फ कुर्सी के लिए। **आज अखबार** के शब्द हैं – मणिपुर में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई अड़तालीस घंटे में प्रतिबंधित संगठनों के सोलह सदस्यों को किया गिरफ्तार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने कहा – प्रत्यक्ष लाभ अंतरण पहल से अब तक तीन लाख अड़तालीस हजार करोड़ रुपये की बचत।

02. राज्य में वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में महिला श्रम बल भागीदारी बढ़कर बीस दशमलव तीन प्रतिशत हुई।

03. प्रदेश में पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान अवैध बालू खनन के खिलाफ तैंतीस हजार से अधिक छापेमारी की गई। एक करोड़ बीस लाख घन फीट बालू जब्त।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान – अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की हो सकती है बढ़ोतरी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।